## 15. संख्या-बोध

- ❖ पाठ पृष्ठ 89 पर दिए गए चित्र दिखाकर बच्चों को गिनती सिखाएँ।
- ❖ पृष्ठ 90 पर बच्चों से ज़ोर-ज़ोर से गिनती पढ़ने को कहें।
- ❖ बच्चों को बताएँ, हिंदी भाषा में गिनती को अंकों या शब्दों में लिखा जाता है।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर हिंदी के अंकों को बनाएँ तथा बच्चों को इन अंकों को बनाने का अभ्यास करवाएँ।
- ❖ हिंदी के अंकों की बनावट के साथ रोमन या अंकों को शब्दों में लिखकर बच्चों को अभ्यास करवाएँ।
- ❖ कई बार अभ्यास करने पर ही बच्चे हिंदी अंकों को समझ पाएँगे तथा उनकी बनावट पहचान पाएँगे।
- ❖ यह सुनिश्चित करें कि बच्चों ने गिनती सीख ली है।
- ❖ अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।